परिवहन मंत्री (कर्नल महा सिंह) : यह बसिज की अवेलेबिलिटी पर है । हम ज्यादा से ज्यादा चेसिज लेगे बशर्ते कि हमारे पास फण्डज उपलब्ध हों ।

चौधरी राम लाल वधवा : अध्यक्ष महोदय, क्या मन्त्री महोदय यह बतलाने की कृपा करेगे कि यह जो इन्होंने रकम बताई है, उसमें गाड़ियों की डैप्रीसीऐशन जो निकाली जाती है, वह किस हिसाब से निकाली जाती है?

कर्नल महा सिंह : स्पीकर साहब, डैप्रिसीऐशन को हमारा एक फार्मूला है, उसके मुताबिक निकाली जाती है ।

चौधरी फूल चन्द (मुलाना): स्पीकर साहब, क्या मिनिस्टर साहब बतलाने की कृपा करेगे कि हमारे खर्चे की बनिस्बत हमारी बसों की लाई–फ बहुत कम है, अगर पूसा है तो क्या सरकार बसों की लाईफ बढ़ाने की कोई स्कीम रखती है, इसके लिए क्या कुछ किया जा रहा है?

कर्नल महा सिंह: स्पीकर साहब, इसके लिए तजवीज सोची गई है, इसलिए इनकी लाईफ अच्छी मेन्टीनैस करके बढ़ाई जाएगी । इसके लिए डायरैक्ट इंजीनियर भर्ती किए जाएंगे । पहले तो डिपार्टमैंटल परमोशन के थ्रू हैल्पर वगैरह को ही परमोट कर

दिया जाता था जिसके कारण गाडियों की अच्छी मेन्टीनैस नहीं होती थी । अतः अब जल्द से जल्द इस तरफ ध्यान दिया जा रहा है ।

चौधरी पीर चन्द : स्पीकर साहब, हरियाणा रोडवेज में बसों की शार्टेज है जिसके लिए जनता बहुत दुःखी है । क्या मिनिस्टर साहब यह बतलाने की कृपा करेंगे कि 1974– 75 में बसों की शार्टेज को पूरा किया जाएगा? क्या सरकार के पास ऐसी कोई योजना विचाराधीन है?

कर्नल महा सिंह : स्पीकर साहब, इसकी बाबत पूरी कोशिश की जा रही है कि लोगों को बसों की शार्टेज की वजह से कोई दिक्कत न हो और हमारी सरकार की यह नीति है कि ज्यादा से ज्यादा बसें खरीदी जाएं और रोडज पर लाई जाए । इस बारे में मैं खुद भी अशोक ले –लैड, मद्रास में मैनुफैक्चरर्ज के पास गया था । हमें गवर्नमैंट आफ इंडिया की तरफ से कोटा अलाट किया जाता है इसी वजह से यह दिक्कत पेश आ रहीहै ।

श्री जगजीत सिंह : टिक्का स्पीकर साहब, जैसा कि हमारा एरिया नारायणगढ है उसके लिए कह दिया जाता है कि रूट छोटा है बसों की कमी है, इसलिए वहां पुरानी बसों से ही काम चला दिया जाता हए, तो क्या मिनिस्टर साहब यह बतलाने की कृपा करेगे कि जो नई बसें आएंगी, उन ने से हमारे अम्बाला किला को भी हिस्सा दिया जाएगा?

कर्नल महा सिंहः स्पीकर साहब, इनका हिस्सा पहले ही दिया जा रहा है और अभी भी अम्बाला किले में सबसे ज्यादा बसें चल रही हैं ।

श्री के ० एन ० गुलाटी : क्या आनरेबल मिनिस्टर साहब बताएंगे कि प्राईवेट बसों का मुनाफा देखते हुए गवर्नमैंट की बसे जितनी चलती हैं उनकी मुनाफे की परसैन्टेज कम नहीं हे ।

कर्नल महा सिंह : इस वक्त प्राइवेट बसों के साथ मुकाबला तो नही किया जा सकता क्योंकि मेरे पास उनके आंकड़े नही है लेकिन मैं इतना ही कह सकता हू कि हर साल हमारी मुनाफे कीं परसैन्टेज बढती गई है जैसा किं मैं पहले भी. बता चुका हूं ।

श्री गिरीश चन्द्र जोशी : क्या वजीर साहब बताएंगे कि बसों पर जो इनवैस्ट– मैट की गई हए उस की रिटर्न किस रेट से आई है?

कर्नल महा सिंह : इस साल 13 परसैन्ट हमारी फलुटि की स्टैरन्थ बड़ी है और रिटर्न हमारी 21 परसैण्ट है ।

चौधरी राम जी लाल डागरः क्या वजीर साहब बताएंगे कि गुड़गांव डिपो में और पलवल डिपो में खड़ी रहने वाली गाड़ियों की संख्या ज्यादा है या रोड पर चलने वाली गाड़ियों की संख्या ज्यादा है?

कर्नल महा सिंह : रोड पर चलने वाली गाड़ियों की संख्या बहुत ज्यादा है ।

श्री जगजीत सिंह टिक्का: क्या वजीर साहब बताएंगे कि अम्बाला जिला में कितनी नई गाड़ियां है और कितनी पुरानी हैं और उनकी ब्रेकडाऊन की परसैन्टेज क्या दैर?

कर्नल महा सिंह : स्पीकर साहब हरियाणा रोडवेज में जितनी बसें हैं उनमें आठ साल से ज्यादा लाईफ की सिर्फ दो एयरकन्डीशन्ड बसें है, बाकी सब आठ साल से कम लाईफ की हैं और उन में भी 90 फीसदी 6 साल से कम लाईफ की कुछ ।

चौधरी राम लाल वधवा : क्या वजीर साहब बताएंगे कि डैप्रिसिएशन वर्कआउट करने का क्या प्रोसीजर अडाप्ट किया जाता है और आया वह रीजनेबल भी है?

कर्नल महा सिंह : वह रीजनेबल है लेकिन डिटेल्ज में तो मैं डिपार्टमैंट से हासिल करके ही बची सकूंगा ।

चौधरी फूल सिंह कटारिया : क्या मन्त्री साहब बताएंगे कि जब इन की आमदन बढ़ी है तो सरकार ड्राईवरों और कण्डक्टरों को मकान बनाकर देने की सहूलत देने का इरादा रखती है ।

कर्नल महा सिंह : सरकार उनको ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं देने की कोशिश करती हैं । पिछले सालोंमें हमने उनको बहुत फैसेलिटीज दी हैं ।

श्री ओम प्रकाश गर्ग: क्या वजीर साहब बताएंगे कि जब बसों से आमदन बढी है तो उस के साथ–साथ आप बस स्टैण्ड भी बढ़ाने का प्रबन्ध कर रहे हैं?

कर्नल महा सिंह : हां जी, बस स्टैण्ड और भी बनाए जा रहे हैं लेकिन मैं एक चीज मैंबर साहिबान की इनफुर्मेशन के लिए बताना चाहता हूं कि आमदनी के साथ–साथ खर्च भी बढ्ता जा रहा है क्योंकि तेल और दूसरी सब चीजों कीं कीमत बढ्ती जा रही है

चौधरी शिव राम वर्मा : क्या वजीर साहब बताएंगे कि हरियाणा के हर उस गांव को जो पक्की सडक से जुड़ा हुआ है बसों की फैसिलिटी दी जाएगी?

कर्नल महा सिंह : सरकार का इरादा तो है । इसके लिए जल्दी ही कोशिश की जाएगी ।

श्री के० एन ० गुलाटी : क्या वजीर साहब बताएंगे कि सरकार की जो टोटल नम्बर आफ बसें हैं उन में से कितने परसैन्ट बसें वर्कशाप में खड़ी रहती हें?

कर्नल महा सिंह : बहुत कम परसैन्टेज में बसें वर्कशाप में खड़ी रहती हैं, हमारी 90 फीसदी बसें रोड पर रहती हैं ।

मलिक सत राम दास बतरा : क्या वजीर साहब बताएंगे कि रोडवेज में ऐसे कितने केसिज हुए है कि रात को जब ड्राईवर और कण्डक्टर अड्डो पर पहुंच कर सोए तो उन के थैले गुम हो गए?

कर्नल महा सिंहः इसके लिए नोटिस चाहिए ।

चौधरी मनफूल सिंह : क्या वजीर साहब बताएंगे कि सन 1968 में किराया क्या था और अब किराया पर माईल क्या है?

कर्नल महा सिंहः स्पीकर साहब 1968 के बाद एक दफा किराया सन 1971 में बड़ा था और अब फिर 1974 में बढ़ाया है और मैं यह बात भी बताना मुनासिब समझता हूं कि यहां पर और सट्टेस के मुकाबले में किराया ज्यादा नहीं बढ़ा है ।

श्री ओम प्रकाश गर्ग : क्या वजीर साहब बताएंगे कि कैथल डिपो में कितनी बसें हैं और वहां पर कितनी नई बसें और आ रही हैं?

कर्नल महा सिंह : स्पीकर साहब वह अभी नया डिपो बन रहा है और अभी उसका उद्घाटन भी नहीं हुआ है इसलिए असल आंकड़े नहीं दिए जा सकते लेकिन मैं इस वक्त इतना ही बता सकता हूं कि अन्दाजन 100 के करीब बसों से वह डिपो शुरू

किया जाएगा । हमारी जब नई बसें आती हैं तो जरूरत के मुताबिक सब–डिपुओं को दी जाती हैं । '

श्री गिरीश चन्द्र जोशी : क्या वजीर साहब बताएगे कि जहां पर पहले सब–डिपो हो, उस को डिपो बनाने का क्या क्राइटेरिया होता हे?

कर्नल महा सिंह : स्पीकर साहब जहां पर बसें ज्यादा हो जाएं और बड़ी भारी कम्यूनिकेशन होती है वहां पर सब–डिपो को डिपो बना देते हैं । अभी हम ने करनाल से अलग करके कैथल को भी डिपो बना दिया है क्योंकि वहां पर कम्यूनिकेशन ज्यादा थी ।

चौधरी पीर चन्दः क्या वजीर साहब बताएंगे कि जैसा रोडवेज को मुनाफा हो रहा है उस के हिसाब से मुलाजमों को इन्क्रीमैंट्स वगैरा भी देंगे?

कर्नल महा सिंहः स्पीकर साहब मुनाफा नही, मैंने रिसीट्स बताई हैं, रिसीट्स जो हैं वह टोटल मुनाफा नहीं होता ।

Mr. Speaker : There have been a large number of supplementaries on this question. Next question please.

Panchayats and Panchayat Samitis

***935. Rao Abhai Singh** Will the Minister for Development be pleased to state the total number of Panchayats and Panchayat Samitis, in the State as on 31st

March, 1974 ?

Development Minister (Col. Maha Singh) : In Haryana State, the number of Panchayats and Panchayat Samitis, as on 31st March, 1974, was 4945 and 83 respectively.

Termination Notices to Doctors

***924. Shri Girish Chander Joshi** **:** Will the Minister for Industries be pleased to state—

(a) whether any termination notices are being given to the doctors appointed on ad-hoc basis in the State; and

(b) if the answer to part (a) above be in the affirmative the steps, if any, being taken by the Government for providing employment to all such doctors?

गृह एवं स्वास्थ्य राज्य मंत्री (श्रीमती शारदा रानी) :

(क) जी हां, 99 डाक्टरों को, जो तदर्थ आधार पर कार्य कर रहे है सेवा से निकाले जाने के लिए नोटिस दिए जा चुके हैं ।

(ख) कोई नही ।

श्री गिरीश चन्द्र जोशी : क्या मन्त्री महोदया बताएगी कि जिन डाक्टर्ज को नोटिस दिए गए हैं उन में कितने मेल हैं और कितने फीमेल हें?

श्रीमती शारदा रानीः स्पीकर साहब यह फिर्ग्ज तो इस वक्त मेरे पास हैं नहीं ।

चौधरी राम लाल वधवाः क्या मन्त्री महोदया बताने की कृपा करेंगी कि उन डाक्टरों को जवाब देने का क्या कारण है?

श्रीमती शारदा रानी : पब्लिक सर्विस कमिशन से सिलैक्ट होकर 328 डाक्टर हमारे पास आ गए थे और इनकी रैगुलर सिलैक्शन हुई है । जिन डाक्टरो को जवाब दिया गया है वह पहले एडहाक बेसिज पर काम कर रहे थे

चौधरी फूल चन्द (मुलाना) : इस बात को ध्यान में रखते हुए कि डाक्टर्ज ने बेरोजगारी न कैले, क्या सरकार ने जो डाक्टरों को नोटिस दिए है उनको विदड्रॉ करने की सम्भावना है?

श्रीमती शारदा रानी : जी नही ।

श्री ओम प्रकाश गर्गः क्या मन्त्री महोदया बताएंगी कि ये डाक्टर जिन को. जवाब दिया गया है वे कितनी कितनी देर के सर्विस में थे?

श्रीमती शारदा रानी : लगभग कोई एक– माल से था, कोई दो साल से और कोई तीन साल से एड–हॉक बेसिज पर काम कर रहा था ।

Unallotted Evacuee Land

***940. Chaudhri Chand Ram :** Will the Minister for

Revenue be pleased to state—

(a) the total area of unallotted evacuee land which has not so far been auctioned amongst Harijans in restricted auctions in the State and the reasons for the delay in auctions;

(b) whether the possession of all such lands so far auctioned amongst Harijans has been delivered to the auction purchaser; and

(c) the total area of Directory lands as on 30.5.1974 which remained unauctioned ?

Mr. Speaker : Time has been extended for sending reply to this question. The communication received by me in this connection is as follows-

''चिरंजी लाल

अर्ध—सरकारी पत्र क्रमांक 9317 /ज 1

राजस्व मन्त्री, हरियाणा सरकार

पुनर्वास विभाग,

चण्डीगढ । दिनांक 12 जुलाई, 1 974

विषय :— चौधरी चांद राम, सदस्य, हरियाणा विधान सभा द्वारा पूछा गया तारा— कित प्रश्न नं० 940, हरियाणा राज्य में उपलब्ध कुल निकासी भूमि जो अभी तक हरिजनों को सीमित नीलामी में नही बेची गई और उसको बेचने में देरी के कारण

आया जो भूमि आज तक हरिजनो को बेची गई है उसका कब्जा नेताओं को दे दिया गया है––डायरेक्टरी भूमि का 30 मई, 1974 तक का कुल रकबा जो अभी नीलाम होना बाकी है, के बारे ये सूचना–जिसको उत्तर 15 जुलाई, 1 974 को निश्चित है ।

प्रिय श्री स्वरूप सिंह जी

कृपया तारांकित विधान सभा प्रश्न नं ० 940 जो 15 जुलाई, 1974 की– सूची. में चौधरी चाद राम, सदस्य । हरियाणा विधान सभा के नाम है की ओर ध्यान देने का कष्ट करें । इस प्रश्न का उत्तर अभी तक तै यार नही है क्योकि जो सूचना राज्य कें सभी तहसीलदार (विक्रियों) से मामी गई हैं, वह अभी तक प्राप्त नही हुई है । इस सूचना के एकत्रित करने के लिाग समा चाहिए। अतः आपसे प्रार्थना है कि आप इसका उत्तर 3 अगस्त, 1974 तक बड़ाने की स्वीकृति दें । इस प्रश्न को 3 अगस्त, 1 974 के बाद किसी तिथि को उत्तर के लिए निश्चित कर दिया जाए । आपका

हस्ताक्षर (चिरन्जी लाल)

श्री स्वरूप सिंह, अधयक्ष

हरियाणा विधान सभा

चण्डीगढ ।

One Voice : By what time ?

Mr. Speaker : By 3rd August, 1974.

अतारांकित प्रश्न एवं उत्तर

Allotment of Land to Harijans

303. Chaudhri Ram Lal Wadhwa : Will the Minister for Revenue be pleased to state—

(a) the village-wise list of Harijan tenants, with their names who have been allotted sur-plus land in each district -of the State during the period from 1st November, 1966 to 1974 (to-date); and

(b) whether all the tenants referred to in part (a) above have been given actual possessions of the surplus land allotted to them; if not, the number and names of such tenants as were not given possessions togetherwith the reasons therefor ?

राजस्व मंत्री (पंडित चिरंजी लाल शर्मा) : सूचना इकट्ठी करने में जो समय और परिश्रम लगे गा उससे विशेष लाभ न होगा ।

Election of the Directors of the Haryana Co-operative Sug ar Mills

307. Chaudhri Chand Ram : Will the Minister for Irrigation and Power be pleased to state—

(a) the date when the Elections of the Directors of the Haryana Co-operative Sugar Mills, Panipat, were held;

(b) whether the Election of the Chairman of the said Mills has been held, if not, the reasons thereof;

(c) the date when the election of the Chairman of the Directors of the Haryana Co-operative Sugar Mills, Rohtak, is being held ;

(d) the year-wise total amount of profit accrued to or loss suffered by the Co-operative Sugar Mills as referred to in parts (a) and (c) above since they were set up;

(e) the period during which the aforesaid Co-operative Sugar Mills remained under the management of the Government; and

(f) whether the Board of Directors elected from the Members has ever been suspended, if so, the number of occassions of suspension ?

सिचाई तथा बिजली मंत्री (श्री बनारसी दास गुप्त) :——

(क) 13 नवम्बर, 1973

(ख) (1) नही ।

(2) यह चुनाव कुछ कानूनी अड़चनों के कारण नही हो सका है ।

(ग) अभी कोई तिथि निश्चित नहीं की गई है ।

(घ) विवरण विधान सभा के सम्मुख प्रस्तुत है ।

(ड) पानीपत सहकारी चीनी मिल

(1) 12– 11–1956 से 18– 12– 1961

(2) 4– 2– 1963 से 26– 8– 1966

(3) 11– 1– 1967 से 28– 8– 1967

(4) 8– 1– 1969 से 13– 11– 1973

रोहतक सहकारी चीनी मिल

फरवरी, 1963 से जून, 1974

(च) इन मिलों के निदेशक मण्डल निलम्बित नही किए गए थे बल्कि विस्थित किए गए थे ।

पानीपत चीनी मिल का निदेशक मण्डल दो बार विस्थित हुआ जबकि रोहतक मिल का एक बार ।

सूची

वर्ष	चीनी मिल पानीपत	चीनी मिल रोहतक
1956-57	--10,833	--2,73,441
1957-58	+91,960	--18,58,266
1958-59	--3,44,407	--14,82,761
1959-60	+3,78,252	+4,44,578

1960-61	+8,14,921	+3,02,400
1961-62	+11,74,274	-11,79,637
1962-63	+5,17,361	+42,262
1963-64	+4,26,498	+12,88,372
1964-65	+23,91,426	+8,76,892
1965-66	+12,32,219	+11,98,427
1966-67	--10,79,346	-2,66,771
1967-68	+14,21,415	+7,66,720
1968-69	--16,90,255	--31,31,806
1969-70	+16,68,373	+10,91,192
1970-71	+7,37,464	+1,06,923
1971-72	+18,14,362	+17,49,026
1972-73	+13,63,163	+30,38,983
1973-74	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं

Construction of Link Road in Village Mundogarhi

304. Lala Rulia Ram : Will the Minister for Revenue be pleased to state whether there is any scheme under consideration of **the** Government to connect village Mundogarhi in Tehsil Karnal to any road through a link road, if so; whether any estimate in this respect has been prepared ?

राजस्व मंत्री (पंडित चिरंजी लाल शर्मा) :

(1) जी नहीं

(2) कोई नहीं जी ।

चौधरी राम लाल वधवा: स्पीकर साहब, 15 आदमियों को रस्सी से बांध कर बरवाले की गलियों में फेरा गया । (विघ्न) इस पर मैंने एक काल अटैन्शन मोशन दिया हुआ है ।

Mr. Speaker : Your Call Attention Motion was put up before me during the Questions Hour. It is under my examination and the reply will be sent to you.

चौधरी चांद राम : स्पीकर साहब, मैंने भी एक घण्टा पहले काल अटैन्शन मोशन दी थी ।

Mr. Speaker ; That is also under my examination. I will give my ruling on it tomorrow.

चौधरी चांद राम: आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर, स्पीकर साहब मैंने आप को एक क्वैश्चन दिया था ।

Mr. Speaker ; Order please. That has been decided. You must have received your reply.

चौधरी चांद राम : रिवासा इन्सीडैट के बारे में जुडिशियल इन्क्वायरी काएक सवाल दिया था । आप का जवाब तो मेरे पास आ गया है, इस में आप ने लिखा है––

'The matter relating to Riwasa incident has been discussed in the House in detail "

Mr. Speaker : Order please. No point of Order about this matter (Interruption). You can come and discuss this matter in my Chamber. This has been disallowed and reply has been received by you.

चौधरी चांद राम : जो बात मैं कहना चाहता हूं वह और है, वह एक रूल की बात है ।.. (व्यवधान)..

Mr. Speaker : Order please, order.

15.00 बजे

चौधरी चांद राम : यह 11 जुलाई को डिस्क्स हुई और मेरा सवाल 20 जून का था, अभी त कवह डिसकस ही नहीं हुई थी। मैं इतना ही कहना चाहता हूं

Mr. Speaker ; You can come and discuss this thing with me and you will be satisfied.

A Minister to move....

दी हरियाणा प्रोहिबिशन आफ समोकिंग इन सिनेमा एंड थियेटर हाल्ज बिल, 1974

Chaudhri Ram Lal Wadhwa : On a point of order, Sir. Mr. Speaker, I wish to draw your kind attention to the financial memorandum to this Bill. It is written in the financial memorandum—

"The Haryana Prohibition of Smoking in Cinema and Theatre Halls Bill, 1974, contains section 2 which provides expenditure/income to State Exchequer.

It k assessed that the annual income to the State will be nominal and similarly the expenditure will also be nominal on this account."

Now, I wish to draw your kind attention to Rule 125, which reads—

"125(1) A Bill involving expenditure shall be accompanied by a financial memorandum which shall invite particular attention to the clauses involving expenditure and shall also give an estimate of the recurring and non-recurring expenditure involved in case the Bill is passed into law."

My submission is that the word "shall" has been used in this Rule—

"shall invite particular attention to the and shall also give an estimate of t he recurring and non-recurring expenditure involved in case the Bill is passed into law."

Two provisions have been made in this Rule and in this financial memorandum the requirement of Rule 125 has not been fulfilled.

Sir, I further wish to submit that in this "Practice & Procedure of Parliament" by M. N. Kaul, on page 462, it is written that—

"During discussion on the motion for reference of the Essential Commodities (Second Amendment) Bill to a

Select Committee, a point of order was raised that the financial memorandum appended to the Bill was incomplete as it did not give an estimate of the recurring and non-recurring expenditure involved. The point of Order was upheld by the Chair and further consideration of the Bill was postponed with a view to enabling Government to furnish a revised finaneial memorandum giving particulars of recurring and non-recurring expenditure involved. The revised financial memorandum furnished by Government was circulated to members separately. A letter conveying fresh recommendation of the President for consideration of the Bill received from the Minister was also published in the Bulletin."

My humble submission is that they have not fulfilled the requirements under Rule 125. They are a must and as such the Bill should not be allowed to be introduced in the House.

Mr. Speaker : Order please. Rule 125 requires two things : one the financial memorandum and the other 'estimates'. The financial memorandum is there with the Bill. As regards the 'estimates', it is written that it will be very nominal. The income will be very nominal and the expenditure will be very nominal.

चौधरी राम लाल वधवा: नौमीनल भी कितना?

Chief Minister (Chaudhri Bansi Lal) : I would like to clarify it further more. The Point is what this Bill is ? This Bill is already in force in Haryana. But that Bill is "The Punjab Prohibition of Smoking (Cinema and Theatre Halls) Act, 1951". We are not bringing a new legislation. Practically, all this

expenditure and income is there. We have simply repealed the old one and we are bringing it as Haryana Bill. That is all. Nothing more, nothing less.

Chaudhri Ram Lal Wadhwa : It is not a question of old or new bill. It is a question of Procedure of the Assembly,

Chaudhri Bansi Lal : Just to have something for the Assembly to pass, some Bill or the other. we have brought so many Bills like this. But there is no new liability on the Government. It will remain as it was. Only the title has been changed.

Chaudhri Ram Lal Wadhwa : Then there is no need for the financial memorandum. If the financial memorandum is attached with the Bill,

which is an essential provision of Rule 125 . the requirements of financial memorandum must be fulfilled. What this "Practice and Procedure in Parliament" says is: "all that financial memorandum to Bills involving recurring and non-recurring expenditure must be attached."

चौधरी बंसी लाल : स्पीकर साहब, मान लो थोड़ा बहुत देने के लिए ये भी असैग्बली में कुछ सीख के आए होंगे, लेकिन बिल हमारा सही है

चौधरी राम लाल वधवा : नहीं जी, बिल कहां सही है Speaker Sahib, my submission is that the word "shall" has been used in the Rule i. e. they must comply with the provisions as laid down in Rule 125 of Rules of Procedure & Conduct of Business.

Mr. Speaker : Order please. The very title of the Bill shows

उद्योग मन्त्री(श्री हरपाल सिंह): इस में फाईन की बात है और कुछ है ही नही ।

Chaudhri Ram Lal Wadhwa : Then why has the Government written that nominal expenditure and nominal income if there was no question of money at all ?

Mr. Speaker : Order please. The very title of the Bill shows The Haryana Prohibition of Smoking in Cinema and Theatre Halls Bill-that this is a Prohibition of Smoking and there is no question of any income.

Chaudhri Ram Lal Wadhwa : Sir, then why this Financial Memorandum ? It may be estimated Re. 1/—only or more but must.

चौधरी शिव राम वर्मा : बिल के कोई खिलाफ नही है मगर कोई कायदा कानून तो पूरा होना चाहिए?

Mr. Speaker : Order please. It is very very nominal.

Chaudhri Ram Lal Wadhwa : But how is the Government working ? We want to show only how the Government is working and what is efficiency of the Secretariat. (Interruptions)

Mr. Speaker : Order please.

चौधरी बंसी लाल : स्पीकर साहब, चौधरी राम लाल की बात हमारी समझ में आएगी मगर चौधरी शिव राम वर्मा अगर इस तरह की बात करेगा यह हमारी समझ में कब आएगी?. (व्यवधान). . चौधरी राम लाल को सही बोलना नही आता तो ये कैसे बोल गया.. (व्यवधान)..

चौधरी शिव राम वर्मा : आप लिखिए कितनी आमदनी कितना खर्चा है, नही तो यह लिखें कि कोई आमदनी नही है ।

चौधरी बंसी लालः इनकी सीट का फर्क पड़ गया, इनकी सीट बदलो, नही तो चौधरी शिव राम की आदत बिगड़ जाएगी (हंसी).

चौधरी शिव राम वर्मा : हमारी आदत तो नही बिगड़ती । हमने आपकी कमियां आपके सामने और हाउस के सामने लानी हैं ।

Mr. Speaker : Order, please. Order please The objection is overruled.

Minister of State for Home and Health (Shrimati Sharda Rani) : Sir, I beg to introduce the Haryana Prohibition of Smoking in Cinema and Theatre Halls Bill, 1974.

I also move--

That the Haryana Prohibition o f Smoking in Cinema and Theatre Halls Bill be taken into consideration at once.

Mr. Speaker : Motion moved—

That the Haryana Prohibition of Smoking in Cinema and Theatre Halls Bill be taken into consideration at once

श्री के० एन० गुलाटी (फरीदाबाद): स्पीकर साहब, यह बिल बहुत अच्छा है, इसके पीछे एक अच्छी भावना है इसलिए मेरे साथियों को इसकी मुखालफत नही करनी चाहिए । अगर हर सूरत में बोलना ही है तो बोलें लेकिन बोलने वाली कोई बात नही है । स्पीकर साहब, मैं अर्ज करना चाहता हूं कि 'नो स्मोकिंग' बहुत अच्छी चीज है सेहत के लिए और करैक्टर ऊंचा करने के लिए । मैं आपकी मारफत जरूर कहना चाहूंगा कि जो भी एक्ट, जो भी बिल पास हो जाए, उसको हमारे रिस्पैक्टिड आफिशियल्ज पूरी तरह इम्पलीमैंट करें और उनके ऊपर कड़ी नजर रखें ताकि बिल की निरादरी न हो । मिसाल के तौर पर बसो के अन्दर 'नो स्मोकिंग' है, लेकिन हम देखते है कि कुछ कंडक्टर्ज और ड्राईवर्ज बसों के अन्दर सिग्रेट पीते हैं, पब्लिक भी पीती है । मेरे कहने का मतलब यह है कि इस बिल की भावना है कि जहां 'नो स्मोकिंग' हो, उसका पूरे तरीके से पालन किया जाए । इसी तरीके से सिनेमा के अन्दर जो अनफिशियल्ज हों, पब्लिक हो, चाहे कोई भी बैठा हो, सिनेमा में सिग्रेट न पीए और अगर कोई पीए तो उस पर कडी नजर रखी जाए । इसी तरह मंगलवार को बैगर्ज की लाईनें लग जाती हैं, वे जगह–जगह मांगने लगे रहते है । मैं सरकार का मशकूर हूंगा अगर सरकार बैगिग पर निषेध कूरने के लिए कोई बिल लाए ताकि हमारा करैक्टर ऊंचा हो और जो कमियां हम में है वे दूर हों, लेकिन इसका अच्छी तरह से पालन किया जाए । (

इस समय उपाध्यक्षा पदासीन हुई) डिप्टी स्पीकर साहिबा जहां सरकार नो–स्मोकिंग इन सिनेमा का बिल लाई है, वहां मैं यह भी चाहूंगा कि सिनेमा के अन्दर धार्मिक और नैशनल फिल्मज दिखाई जानी चाहिए और गन्दी फिल्मों को बन्द करना चाहिए । दूसरे सिनेमा को नैशनेलाईज कर दिया जाना चाहिए और सादगी की फिल्मज दिखाई जानी चाहिएं । इन रिमार्कस के साथ मैं इस बिल की पुरजोर ताईद करता हूं ।

चौधरी राम लाल वधवा (करनाल) : डिप्टी स्पीकर साहिबा जहां तक इस बिल को सदन में पेश करने का सवाल है इसमें जो प्रोविजन किया गया है उसका मैं वैलकम करता हू । सरकार ने इस बिल को लाकर बडी अच्छी बात की है । जो लोग सिनेमा के अन्दर सिग्रेट और बीडी पीते हैं उस से घुटन महसूस होती है । सरकार ने जो पाबन्दी लगाने का स्टैप उठाया है यह बड़ा अच्छा है । सवाल तो केवल यह है कि सरकार इसको पूरी तरह से इम्पलीमैंट कर भी पाएगी या नही? जैसा कि सदन को मालू म ही है कि सिनेमा के अन्दर जन–गण–मन राष्ट्रीय गीत गाया जाता था । कई सात्र तक वह चलता रहा लेकिन अब उसकी हालत क्या हुई है, जब उसको सरकार चौक ही नही कर सकी तो उसे वापिस ले लिया गया है । हम लोग तो यह समझे है कि सरकार लोगो को इसके लिए मजबूर नही कर पाई, न कानून के जरिए और न दूसरे तरीके से । राष्ट्रीय गीत सिनेमा में गाया जा रहा होता है और लोग उठकर के चले जाते है । वैसे जो बिल

सरकार धूम्र–पान निषेध का लाई है, यह अच्छा है । इसी प्रकार से सरकार एक बिल लाई थी जिसमें भीख मांगना ममनू करार दिया गया है, बड़ा अच्छा बिल है लेकिन वह कानून केवल कानून ही बन कर रह गया । आप हर शहर में चले जाइए लोग भीख मांगते हुए मिलेंगे । इसी प्रकार से धुम्र–पान निषेध बिल अच्छा है, अगर इसकी इम्पलीमैंटेशन सर– कार ठीक ढंग से जोर देकर करे । यह न हो कि वहां पर इसपैक्टर किसी दिन चला जाए, पहले तो सिनेमा वाले ही उसको बॉक्स में बैठा देंगे और वह कोई ऐक्शन नही लेगा । इसलिए मेरी गुजारिश है कि सिनेमा वालों को आर्डर किए जाएं कि वे इसकी कड़े ढंग से, ठीक तरीके से इम्पलीमैंटेशन करें । इसके साथ ही मैं सरकार से यह भी अर्ज करना चाहता हूं कि केवल इंस्पैक्टर भेजने से या इस तरीके से कि इंस्पैक्टर वहां जाकर किसी को पकड़ लाए, इस तरह से यह मामला हल होने वाला नही है । इस बिल के अन्दर प्रोविजन होना चाहिए कि जिस सिनेमाघर में सिग्रेट पीता हुआ कोई पकड़ा जाए उस सिनेमा वारों का चालान होना चाहिए तब जाकर यह बीमारी रुक सकेगी । थोड़ा सा जुर्माना करने से यह रुकने वाली नही है । पीने वाले पर तो सख्ती होनी ही चाहिए साथ में सिनेमाघर वालों तर पाबन्दी लगाई जानी चाहिए । इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का अनुमोदन करती और सरकार से अर्ज करता है कि वह इसको इम्पलीमैंट कराने पर पूर्ण रूप से ध्यान देगी ।

श्री निहाल सिंह (महेंद्रगढ) : डिप्टी स्पीकर साहिबा जो बिल हाउस में पेश हुआ है, यह बहुत अच्छा बिल हस । इसमें कोई खास बात नही है । मैं केवल इतना ही अर्ज करना चाहता हूं कि सरकार के रूल्ज के अनुसार सिनेमा में स्मोक्गि प्रोहिबिट कर दिया है । इस बारे में सरकार एकं तरफ तो लिखती है किं यह कानूनन' जुर्म है लेकिन सिनेमा के अन्दर जो एडवरटाइजमैट की जाती है उसमें बहुत खूबसूरत लड़के–लड़कियो को सिरे ट पीते दिखाया जाता है तो यह दोनों ही कन्ट्राडिक्टरी चीजें हैं । इसलिए मैं गुजारिश करता हूं कि जहां हम सिनेमा में सिग्रेट पीने पर प्रोहिब्शन कर रहे है वहां हमें सिग्रेट की एडवरटाईजमैंट जो सिनेमा में करते हैं उस पर भी प्रोहिब्शन करनी चाहिए । (तालिया) लोगों में यह टैस्टिग टाईम होता है । एक तरफ तो हम लोगों को पीने से मना करे और दूसरी तरफ एडवरटाइजमैंट करें कि फलां सिग्रेट पीओ । इसलिए मैं फिर सदन से दरखास्त करूंगा कि सिग्रेट की एडवरटाइजमैंट सिनेमा में नही होनी चाहिए । (तालियां)

चौधरी चांद राम (बबैन एस०सी ०): डिप्टी स्पीकर साहिबा, इसमें कोई ज्यादा कहने की जरूरत नही है सिवाए इसके कि इसपर थोड़ा जोर देने वाली बात है । डिप्टी स्पीकर साहिबा धूम्रपान के लिए यह कोशिश हो रही है कि यह हानिकारक है और यह बन्द होना चाहिए । जैसा कि अभी गुलाटी साहब ने कहा है कि सिनेमाघरों में यह पीना हानिकारक है, इसी प्रकार से बसों

में भी हानिकारक है । लोग बसों में भी पीते है । जबकि बसों में धूम्रपान निषेध लिखा हुआ होता है । इतना लिखा होने के बावजूद भी, मुसाफिर भी एक दूसरे को रोकते हैं, रोकते हुए आपस में झगड़ा भी हो जाता है, कंडक्टर को कहे तो वह सुनता ही नही और कई बार तो कंडक्टर और ड्राईवर खुद ही पीते है । कडक्टर और ड्राईवर तो यह समझते है कि यह गाड़ी गवर्नमैंट की नही, मै ही इस गाड़ी का इन्चार्ज हू । जो कायदे–कानून हम बनाते हैं, इस बिल के उद्देश्यों और कारणों में लिखा है ''धूम्रपान, विशेषतया सिग्रेट पीना एक हानिकारक आदत है । धूम्रपान स्वास्थ्य के लिए आपद है, हृद्वाहिनी–सहति के लिए खतरनाक है तथा यह फेफड़े के कैसर का कारण भी बन सकता है । लोगों को, विशेषकर युवको को, धूम्रपान की आदत न डालेंने के लिए प्रेरित करने की तुरन्त आवश्यकता है । सिनेमाघरों तथा थिएटरों में तम्बाकू पीने का हानिकारक प्रभाव केवल धूम्रपान करंने वाले व्यक्ति पर ही नही अपितु बन्द हाल में बैठे अन्य लोगों पर भी पड़ता है । ''

जब इस बिल के उद्देश्यों और कारणों में यह लिखा है कि दूसरों पर सिनेमा में इसका असर पड़ता है, बसों में पड़ता है और दूसरी कई जगहों पर इसका प्रभाव पड़ता है । जहां पर भी सामूहिक तौर पर लोग इकट्ठे हों वहां पर मनाही होनी चाहिए । बस में तो लोगों ने 5– 6 घटे लगातार सफर करना होता है ।

कम–खे–कम वहां तो यह निषेध होना चाहिए, मनाही होनी चाहिए ।

एक बात और भी अर्ज करना चाहता हूं कि अभी' अखबारो में निकला है कि पंजाब के अन्दर धूम्रपान, चरस और गांजा बहुत माता मे प्रयोग होना आरम्भ हो गया है ।

पंजाब के मार्शल लोगों में से अमेरिका से या दूसरे मुल्कों से ये नशीली चीजें मंगा कर मार्शल रेश को खत्म किया जा रहा है । तो इसी प्रकार से हमारे हरियाणा को शराब से 20 करोड़ की आमदनी होती है ।

उपाध्यक्षाः चौधरी चांद राम जी, आप इस बिल पर ही बोलें, बिल से बाहर न बोलें ।

चौधरी चांद राम : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मेरा कहने का मतलब यह है कि केवल धूम्रपान ही हानिकारक नही है बल्कि शराब भी उतनी ही हानिकारक है । चौधरी माडू सिंह जैसे आर्यसमाजी यहा पा मौजूद हैं उनको इस बात का कोई आल्टेरनेटिव निकालना चाहिए कि शराब की अपेक्षा यह आमदनी किसी और तरीके से की जाए ।

उपाध्यक्षाः आप इस बिल पर ही बोलें । बिल से बाहर न जाए ।

चौधरी चांद राम : डिप्टी स्पीकर साहिबा, जब एक चीज एक जगह हानिकारक है और दूसरी चीज इससे भी खतरनाक और हानिकारक है । तो मैं यही कहना चाहता हूं कि जहा पर यह अच्छा कदम उठाया जा रहा है वहाँ शराब को बन्द करने के लिए भी कदम उठाया जाना चाहिए ।

श्री अमर सिंह (बवानी खेड़ा–एस ०सी ०): डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस बिल में केवल एक ही बात चेंज करने वाली है । इसमें हम पंजाब की बजाए हरियाणा करने जा रहे हैं । लेकिन इसके साथ–साथ जो हुस दौरान में इम्प्लीमैंटेशन के बारे में देखा गया है । इस बिल की स्प्रिट को इम्प्लीमैंट नही किया जा रहा है । जैसा कि इसमें बताया है कि सिग्रेट, बीडी और तम्बाकू और पाइप पीना हानिकारक है, आदत बुरी है । इस बुरी आदत और हानिकारक चीज को रोकने के लिए यह बिल लाया गया है कि सिनेमा और थियेटर के अन्दर स्मोकिंग बन्द होनी चाहिए । लेकिन आज का यूथ पीक्चर देखने का भी बहुत आदी हो गया है और वह हिप्पी स्टाइल का भी बहुत आदी बन गया है और इस हिप्पी स्टाइल में स्मोकिंग भी शामिल हो गई है । आजकल लम्बे–लम्बे बाल लड़के लड़कियों की तरह से रखते हैं और वे हिप्पी स्टाइल से ही स्मोकिंग करते हैं । जब तक लड़कों के अन्दर से हिप्पीइजम को न हटाया जाएगा तब तक स्मोकिंग भी नहीं हट सकती । इसलिए मेरी गुजारिश खास तौर से हए कि

जब हम स्मोकिंग पर प्रोहिबिशन कर रहे है तो इसको भी खत्म किया जाना चाहिए ।

डिप्टी स्पीकर साहिबा इस बिल के अन्दर एक इंसपैक्टर को पावर दे दी है कि बीस रुपए ज्यादा से ज्यादा फाइन कर सकता है जो सिनेमा या थिएटर हाल में में सिग्रेट पीता हुआ पाया जाएगा । मेरी एक गुजारिश है कि यह फाइन कम है और ज्यादा होना चाहिए जो फाइन बीस रुपए रखा है इसकी इम्प्लीमैंटेशन भी कम हुई है । किसी भी सिनेमा वालों ने कोई भी जुर्माना सिग्रेट पीने वालों पर नहीं कराया । कोई भी आदमी कार्य– वाही कैरने के लिए तैयार नही है । इसलिए गुजारिश है कि कार्यवाही होनी. चाहिए जैसा कि बसों में आपने देखा होगा कि नो–स्मोकिंग लिखा हुआ है, पहले तो ड्राइवर ही स्मोकिंग करते हुए मिलेंगे । कई बार बसों में इस बात पर झगड़ा भी हो जाता है । अगर बस में कोई सरदार जी बैठे है तो फिर डिगरी और भी बढ़ जाती है पीने वाला कहता है कि में तो पीऊंगा । में तो हिन्दू हूं, मेरा अधिकार है । इसलिए इस बिल की इम्प्ली–मैंटेशन होना जरूरी है । यह बिल बहुत ही अच्छा है । इसके लागू होने से हमारी आदत सुधरती है । इसका मैं पुरजोर समर्थन करते हुए यही अर्ज करना चाहता हूं कि इसकी इम्पलीमैंटेशन सही तरीके से होनी चाहिए ।

श्री गणपत राय (दादरी–एस ०सी ०) : उपाध्यक्ष महोदया यह बिल सदन के सामने आया है । मैं इसका समर्थन

करने के लिए खड़ा हुआ हूं । सिनेमा के अन्दर बीडी– सिग्रेट पीना केवल खतरनाक ही नहीं मैं तो यह समझता हूं । जैसा कि अभी अभी चौधरी चांद राम जी ने और चौधरी अमर सिंह जी ने कहा, कि बस कें–अन्दर भी बीडी–सिग्रेट पीना उतना ही खतरनाक है जितना सिनेमा के अन्दर है ।

उपाध्यक्ष महोदया, सबसे ज्यादा खतरनाक बात तो हमारे लिए यह है कि हम इस बिल को पास तो करने जा रहे हैं लेकिन हमारे इस सदन के ही सदस्य जब लौबीज में बैठते हें, चाहे वे...

Deputy Speaker : You cannot discuss the Members. Please speak on the Bill

एक आवाज (विरोधी बैन्चिज की ओर से): वे तो रिक्वैस्ट ही कर रहे है और यह जो कहना चाहते हैं, एक अच्छी बात है, कोई दूसरी बात नही है ।

श्री गणपत राय: अगर हमारे सदस्यगण इस बात के ऊपर ध्यान कर लें कि यहां पर बैठकर सिग्रेट वगैरा पीना उतना ही खतरनाक है जितना कि सिनेमा हाल में तो बहुत ही अच्छी बात है । उपाध्यक्ष महोदया, यह एक सैल्फ रिस्ट्रिक्शन की वात है और दूसरे यदि स्कूलों और कालेजों के अन्दर भी बीडी–सिग्रेट पीना निषेध कर दिया जाए तो बहुत ही अच्छी बात होगी ।

श्री गिरीश चन्द्र जोशी : आन ए प्वायंट आफ आर्डर, मैडम । क्या माननीय सदस्य यह बताएंगे कि इन्होंने कभी धूम्रपान किया है? जब इन्होने खुद नही किया है तो कैसे यह बताते हैं कि खतरनाक है ।.. (व्यवधान)..

श्री गणपत रायः इस बिल में जो लिखा है, उसके साथ ही साथ उम्र की भी पाबन्दी लगा दी जाए कि इससे कम उम्र के बच्चों को भी बीडी सिग्रेट नहीं पीनी चाहिए, तो बड़ी अच्छी बात होगी । इतना हीं. कहकर मैं इस बिल का समर्थन करता हूं और अपना स्थान लेता हूं ।

श्री ओम प्रकाश गर्गः डिप्टी स्पीकर साहिबा– (शोर एवं व्यवधान) ––डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं टाईम मांग रहा हूं, वैसे ही नही बोल रहा हूं ।

उपाध्यक्षाः मेरा अपना ख्याल है कि यह बहुत छोटा सा बिल है । इसके ऊपर काफी डिस्कशन हो चुकी है । I will request the Hon. Member to take his seat. I am now putting the motion to the vote of the House.

Question is—

That the Haryana Prohibition of Smoking in Cinema and Theatre Halls Hill be taken into consideration at once.

The motion was carried.

Deputy Speaker : The House will now take up the Bill clause by clause.

Sub-Clause (2) of Clause 1

Deputy Speaker : Question is—

That sub-clause (2) of clause I stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clause 2.

Deputy Speaker ; Question is—

That clause 2 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clause 3

Deputy Speaker : Is there any amendment to this clause ?

State Minister for Home & Health (Shrimati Sharda Rani) Madam, I beg to move—

That in sub-clause (2) of clause 3, lines 4-5 for "section 57 of the Code of Criminal Procedure, 1898". substitute "section 42 of the Code of Criminal Procedure, 1973",

Deputy Speaker : Motion moved—

That in sub-clause (2) of clause 3, lines 4-5 for "section 57 of the Code of Criminal Procedure, 1898" substitute "section 42 of the Code of Criminal Procedure, 1973".

Deputy Speaker : Question is—

That in sub-clause (2) of clause 3, lines 4-5, for "section 57 of the Code of Criminal Procedure, 1898" substitute "section 42 of the Code of Criminal Procedure, 1973".

The motion was carried.

Deputy Speaker : Question is—

That clause 3, as amended, stand part of the Bill.

The motian was carried.

Clause 4

Deputy Speaker : Question is—.

That clause 4 stand part of the Bill.

The motion was carried .

Clause 5

Deputy Speaker : Question is—

That clause 5 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clause 6

Deputy Speaker : Is there any amendment to this clause ?

State Minister for, Home & Health (Shrimati

Sharda Rani): Yes. Madam, I beg to move—

That in clause 6, line 2, for the figure "1898" substitute "1973".

Deputy Speaker : Motion moved—

That in clause 6, line 2, for the figure "1898" substitute "1973".

चौधरी राम लाल वधवा (करनाल): डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैंने पहले फाईनैशियल मैमोरेन्डम की बात कही । अब मिनिस्टर साहिबा जो अमैंडमैंट ला रही हैं, उसके बारे में सरकार से इतना ही अनुरोध करूंगा कि कम से कम उन्हें बिल की ड्राफ्टिंग की ओर तो पूरा ध्यान देना चाहिए । फर्स्ट अप्रैल, 1974 से क्रिमिनल प्रोसीजर ऐक्ट 1973 लागू हो गया है । यह बिल 2 जुलाई, 1974 को बन रहा है, यह इस बिल पर डेट दी हुई है सरकार बिल बनाते हुए इतना भी नहीं देखती कि अप्रैल में यह ऐक्ट लागू हो चुका है और इस बिल में 1 898 का ऐक्ट लिख रहे हैं और अब उसे ठीक करने के लिए अमैंडमैंट ला रहे हैं । ये बिल आप किस ढंग से बना रहे हैं? कम से कम आप अपनी सैक्रेटरिएट की मशीनरी को तो देखिए कि वह कैसे काम कर रही है – (व्यवधान) –

Transport Minister (Col. Maha Singh) It is a clerical error.

Deputy Speaker Chaudhri Ram Lal Ji, it is a very formal amendment

चौधरी राम लाल वधवा : डिप्टी स्पीकर साहिबा, इन बातों के लिए अमेंडमैंट लाकर सदन का टाईम बरबाद किया जाता है यह टाईम किसी दूसरी तरफ लग सकता है । पहले ही बिल ठीक ढंग से क्यों नहीं लाया जाता ।

गृह मंत्री (श्री के ० एल ० पोसवाल) : चौधरी राम लाल जी, क्यों ऐसी छोटी–छोटी बातों का नोटिस लेते हो?

चौधरी राम लाल वधवाः यह छोटी बात नहीं है 1 यदि बिल गइले ही ठीक ढंग से लाए जाएं तो सदन का टाईम बच सकता है ।

Deputy Speaker Question is—

That in clause 6, line 2, for the figure "1898" substitute "1973"

The motion was carried.

Deputy Speaker : Question is—

That clause 6, as amended, stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clause 7

Deputy Speaker : Question is—

That clause 7 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clause 8

Deputy Speaker : Question is—

That clause 8 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Sub-Clause (1) of Clause 1

Deputy Speaker : Question is–

That sub-clause (1) of clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Enacting Formula

Deputy Speaker : Question is--

That Enacting Formula be the Enacting Formula of the Bill.

The motion was carried.

Title

Deputy Speaker : Question is—That Title be the Title of the Bill.

The motion was carried.

State Minister for Home and Health '(Shrimati Sharda Rani) : Madam, I beg to move—

That the Haryana Prohibition of Smoking in Cinema

and Theatre Halls Bill, as amened, be passed.

Deputy Speaker : Motion moved—

That the Harynna Prohibition of Smoking in Cinema and Theatre Halls Bill, as amended, be passed.

Deputy Speaker : Question is—

That the Haryana Prohibition of Smoking in Cinema and Theatre Halls Bill, as amended, be passed .

The motion was carried.

दी हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन (ऐडीशनल फंक्शनज) बिल, 1974

Home Minister (Shri K.L. Poswal) : Madam, **I** beg to introduce the Haryana Public Service Commission (Additional Functions) Bill, 1974.

I also beg to move—

That the Haryana Public Service Commission (Additional Functions) Bill be taken into consideration at once.

Deputy Speaker : Motion moved—

That the Haryana Public Service Commission (Additional Functions) Bill be taken into consideration at once.

चौधरी राम लाल वधवा (करनाल): डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस बिल में केवल एक ही क्लाज है । यह क्लाज नम्बर 3 है इसमें लिखा है ––

"Notwithstanding anything contained in any other law for the time

being in force, recruitment to all posts carrying an initial pay exceeding three hundred and fifty rupees per mensem under a local authority shall be made through the Commission".

और लोकल बाडी की डफिनेशन जो क्लाज 2 (बी.) में दी है वह इस प्रकार है ––

'Local authority means a municipal committee, notified area committee, Town Improvement Trust, Panchayat Samiti or any other authority legally entitled to, or entrusted by the State Government with, the control or management of a municipal or local fund'.

डिप्टी स्पीकर साहिबा, कहने का भाव यी कि मेरे दोस्त नाराज हो जाते है, जब मैं यह कहता हूं कि एक तरफ नया बिल बनाकर यी सरकार सारी लोकल बॉडीज को अपने हाथ में ले रही है । कही पंचायतों को अपने हाथ में ले रही है, म्युनिसिपल कमे–टियो को अपने हाथ में ले रही है । पता नही सरकार इन कमेटियों के चुनाव कराएगा या नही लेकिन यह सारी पावर्ज अपने हाथ मे लेती जा रही है –– (व्यवधान) ––जो लोकल बाडीज

है, उनको अपने फंक्शन्त चलाने हैं और जो पब्लिक सर्विस के थ्रू रिक्रूट– मैट होंगी उनमें, जब इन लोकल बॉडीज के चुनाव होकर ये फक्शज करने लगेगी तो इन बाडीज में झगड़े खड़े होंगे और जो इनकी वर्किंग होगी वह सफर करेगी क्योकि जो रिक्रूटमैंट पब्लिक सर्विस के ज होगी वे लोग उनकी बात नही मानेगे । इसलिए मै इस बिल का विरोध करता हूं और सदन से प्रार्थना करता हू कि वह इस बिल को पास न करे ।

चौधरी चांद राम (बबैन––अनुसूचित जाति) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, वैसे तो मैं समझता हूं और जैसा कि कहा गया है कि लोकल बोडीज को यह अरिख्तयारात होना चाहिए लेकिन सरकार पब्लिक सर्विस कमशिन को लोकल बॉडीज के रिक्रूटजेंट का अख्तियार दे रही है । डिप्टी स्पीकर साहिबा, 1967 से पहले हमारे यहां पब्लिक सर्विस कमिशन में एक शिडयूल्ड कास्ट मैंबर होता था वह उस समय शिडयूल्ड कास्ट की रिक्रूटमैंट मे जो रिजर्वेशन है उसको देख लेता था कि ठीक है अथवा नही लेकिन 1967 के बाद जब से उस मैंबर ने इस्तीफा देकर पार्लियामैंट का चुनाव लड़ा तब से आज तक किसी हरिजन को इस काबिल नही समझा गया कि वह पब्लिक सर्विस कमिशन का मैंबर बन सके । मेहरबानी करके जब तक कोई शिडयूल्ड कास्ट का मैंबर नही है तब तक उनका जो हक है उसका तो आप ख्याल रखिए । हमारे पास पब्लिक सर्विस कमिशन की जो रिपोर्ट आती है उसमें बिल्कुल एक तकनीकी तस्वीर दी होती है क्योकि पब्लिक सर्विस कमिशन

जो शिडयूल्ड कास्ट की रिजर्वेशन है उसको पूरा नही करती । कहती है कि कैण्डी'– डेट्स नही मिलते । पता नही इस बात मे कि कैन्डीडेट्स नही मिलते, कितनी सच्चाई है । होना तो यह चाहिए कि जब पब्लिक सर्विस कमिशन को अख्तियारात दिए जा रहे है तो जिस क्लास को कास्टीच्यूशन मे रिजर्वेशन मिली है उसक मेंबर होना चाहिए अगर नही है तो कम से कम कास्टीच्यूशन में जो रिजर्वेशन है वह पूरी मिलनी चाहिए । रलॉक सिस्टम आफ रिजर्वेशन में पहली जो वैकैन्सी होती है डायरैक्ट रिक्रूटमैंट में वह शिडयूल्ड कास्ट को जाती है । चाहे वे पोस्टस लोकल बॉडीज में हों या गवर्नमैंट सर्विस ने हों, चाहे कोई सैक्रेटरी लगाना हो, चाहे इंजीनियर लगाना हो । इसमें सरकार ने कर दिया कि फर्स्ट वैकैन्सी नही तीसरी वैकेन्सी की हिदायत जारी कर दी और इसके साथ ही साथ पब्लिक सर्विस कमिशन सीनियरिटी डिटरमिन करेगा । हसका मतलब यह हुआ कि यह ब्लॉक सिस्टम आफ रिजर्वेशन को नलीफाई करता है । आपका जो एल०आर ० है या आपका कोई अगर लीगल पंडित है तो उससे सलाह कर लीजिए कि ब्लॉक सिस्टम आफ रिजर्वेशन क्या होगा । दूसरी तरफ आप कहते है कि 100 में से 20 रिजर्व है बाकी नान––शिडयूलड कास्ट को जाएंगी यानी 100 में से 80 नान शिडयूल कास्ट को और 81 वीं 82 वी 83 वी और 84 वी शिडयूल्ड कास्ट को दे सकते हैं तो रिजर्वेशन तो हो ही गई । मेरा मतलब भी रि–जर्वेशन का है और आपका मतलब भी रिजर्वेडान देने का है लेकिन मैं पूछता चाहता हु कि ब्लाक सिस्टम

आफ एजुकेशन का क्या मतलब हुआ । डिप्टी स्पीकर साहिबा कितने साहिबा, ताज्जूब की, कितनी हैरानी की बात है कि हरियाणा गवर्नमैंट में ब्लॉक सिस्टम आफ रिजवेशन में पहली वैकैन्सी शिडयूल्ड कास्ट को जानी चाहिए 12 अप्रैल, 1 963 के हुक्म से कि प्रोमोशन में रिजर्वेशन होनी चाहिए । लेकिन हरियाणा हाई कोर्ट ने उसको नलीफाई कर दिया

श्री के ,एल ० पोसवाल : डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह तो पब्लिक सर्विस कमशिन का बिल है और इसमे यह है कि लोकल बॉडीज की जो वकैन्सीज होगी उनको पब्लिक सर्विस कमिशन के थू भरा जाएगा लेकिन ये कुछ और ही बोल रहे हैं ।

उपाध्यक्षा : चौधरी साहब, आप बिल पर बोले । आप रैपिटीशन न करें।

चौधरी चांद राम : पता नही गवर्नमैंट को इस बात के लिए क्यों तकलीफ हो रही है?

श्री के ० एल ० पोसवाल : भई, जो कुछ आप बोल रहे हैं इस बिल का इससे कोई ताल्लुक नहीं है । This is not the time.

Deputy Speaker : 1 will request the Hon. member not to repeat the things once said. Please refer to the recruitment and not other things.

चौधरी चांद राम : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं रिक्रूटमैंट पर ही बोल रहा हूं । 18 दिसम्बर, 1 970 को सुप्रीम कोर्ट में हीरा लाल वरसिज प्रताप सिंह अपील की गई और वहू अपील ऐक्सैप्ट की गई और सुप्रीम का फैसला था किं कांस्टीच्यूशन के मातहत फर्स्ट वैकैन्सी शिडयूल्ड कास्ट को दी जा सकती है । आप मेहरबानी करके पब्लिक सर्विस कमीशन को यह हिदायत दीजिए कि वह ऐसा करे । यह फैसला पंजाब में इंप्लीमैंट हो गया हए हरियाणा गवर्नमैंट पता नहीं उसको इप्लींमैंट कर रही है । बस मैं इतना ही कहना चाहता हूं ।

Social Welfare & Taxation Minister (Shri Shyam Chand) ; On a point of order, Madam. The block system has not been changed so far.

श्री के ० एल ० पोसवाल : डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह बड़ा साधारण सा बिल है । इसमें यह करने जा रहे हैं कि जो लोकल बाडीज की वैकैन्सीज है उनको अब पब्लिक सर्विस कमिशन के थ्रू भरा जाएगा पहले ये बाडीक अपने आप फिलअप कर लिया करती थीं । यह एक नान–कन्ट्रोवरशियल बिल है । पहले यही लोग कहा करते थे कि इन लोकल बाडीज में अपने रिश्तेदारों को भर लिया जाता है, बड़ी धांधलेबाजी हे । अब इसमें संशोधन कर रहे हैं तब ये लोग इसको क्रिटिसाइज कर रहे हैं । डिप्टी स्पीकर साहिबा, इसमें कोई ऐसी बात नहीं है, मेरी दरखास्त है कि इस बिल को पास किया जाए ।

Deputy Speaker : Question is—

That the Haryana Public Service Commission (Additional Functions) Bill be taken into consideration at once.

The motion was carried.

Deputy Speaker : The House will now take up the Bill clause by clause.

Sub-Clause (2) of Clause 1.

Deputy Speaker : Question is—

That sub-clause (2) of clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clause 2.

Deputy Speaker : Question is—

That clause 2 stand parr of the Bill.

The motion was carried.

Clause 3.

Deputy Speaker ; Question is—

That clause 3 stand part of the Bill,

The motion was carried.

Clause 4.

Deputy Speaker ; Question is—

That clause 4 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Sub-Clause (1} of Clause 1.

Deputy Speaker : Question is—

That sub-clause (1) of clause **1 stand** part of the Bill.

The motion was carried.

Enacting Formula

Deputy Speaker : Question is—

That Enacting Formula be the Enacting Formula of the Bill.

The motion was carried.

Title

Deputy Speaker Question is—

That Title be the Title of the Bill.

The motion was carried.

Home Minister (Shri K.L. Poswal) ; Madam, I beg to move—

That the Haryana Public Service Commission (Additional Functions) Bill be passed.

Deputy Speaker : Motion moved—

That the Haryana Public Service Commission (Additional Functions) Bill be passed.

Deputy Speaker ; Question is—

That the Haryana Public Service Commission (Additional Functions) Bill be passed.

The motion was carried.

दी सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन (हरियाणा अमैंडमैंट), बिल, 1974

Agriculture Minister (Chaudhri Bhajan Lal) : Madam, I beg to introduce the Societies Registration (Haryana Amendment) Bill, 1974.

also move—

That the Societies Registration (Haryana Amendment) Bill be taken into consideration at once.

Deputy Speaker : Motion moved—

That the Societies Registration (Haryana Amendment) Bill be taken into considerattion at once.

Deputy Speaker ; Question is—

That the Societies Registration (Haryana Amendment) Bill be taken

into consideration at once.

The motion was carried.

Deputy Speaker : Now the House will take up the Bill Clause

by Clause.

Clause 2.

Deputy Speaker : Question is—

That Clause 2 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clause 1.

Deputy Speaker : Question is—

That Clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Enacting Formula

Deputy Speaker : Question is—

That Enacting Formula be the Enacting Formula of the Bill.

The motion was carried.

Title

Deputy Speaker : Question is—

That

title be the title of the Bill.

The motion was carried.

Agriculture Minister (Chaudhri Bhajan Lal) : Madam, I beg to move—

That the Societies Registration (Haryana Amendment) Bill be passed.

Deputy Speaker : Motion moved—

That the Societies Registration (Haryana Amendment) Bill be passed.

Deputy Speaker : Question is-

That the Societies Registration (Haryana Amendment) Bill be passed.

The motion was carried.

Deputy Speaker : The House stands adjourned till 2-00 P.M. tomorrow.

15.44 बजे

(The Sabha then *adjourned till 2-00 P.M. on Tuesday, the 16th July, 1974.)